सुविचार
जिंदगी में सच के साथ हमेशा चलते रहिए तो वक्त आपके साथ अपने आप चलने लगेगा!

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-32 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 15 सितम्बर 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## लोन की झूठी सत्यापित रिपोर्ट बनाने वाले अधिकारी के खिलाफ किस प्रकार की कार्यवाही होगी जानिए/legal advice...

किसी भी विभाग में दस्तावेजों का सत्यापन बहुत महत्वपूर्ण कार्यवाही होती है क्योंकि यह कार्यवाही व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत फाइल की सत्यता को बताती है। अगर हम बात करे लोन संबंधित प्रकरणों की तो इनमें दस्तावेजों का सत्यापन बहुत जरूरी एवं महत्वपूर्ण होता है वो इसलिए की किसी अनजान या झूठे फर्जी व्यक्ति को ऋण उपलब्ध न हो जाए। अगर कोई भारसाधक अधिकारी जानबूझकर कर दस्तावेजों के सत्यापन में लापरवाही करता है या झूठा सत्यापन कर देता है तब उसके खिलाफ क्या कार्यवाही होगी जानिए।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665


मध्यप्रदेश विनिर्दिष्ट भ्रष्ट आचरण निवारण अधिनियम,1982 की धारा 23 की परिभाषा? जो कोई व्यक्ति किसी उधार लोन के मामले में या सब्सिडी लोन के मामले के में झूठी रिपोर्ट का सत्यापन करेगा, या सत्यापित करके लोन को मंजूर करेगा ऐसा अधिकारी उपर्युक्त अधिनियम की धारा 23 के अंतर्गत दोषी होगा।

**दण्ड का प्रावधान-**

यह अपराध संज्ञेय एवं जमानतीय अपराध है,पुलिस अधिकारी तुरंत एफआईआर द्वारा मामले का संज्ञान लेगा, इनका विचारण किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट या सेशन कोर्ट द्वारा किया जा सकता है सजा- इस अपराध के लिए अधिकतम एक वर्ष की कारावास या जुर्माने या दोनो से दण्डित किया जा सकता है।

## शासकीय सेवक द्वारा अवैध रूप से व्यापार करना कब दण्डनीय अपराध होगा जानिए/legal advice....

शासकीय नौकरी शासकीय सेवक को इसलिए दी जाती है कि वह लोगो के कल्याण के लिए निष्पक्ष होकर कार्य कर सके वह अपनी सेवा काल में किसी भी प्रकार का कोई अन्य व्यापार नहीं कर सकते हैं अगर वह शासकीय नोकरी के दौरान कोई अन्य व्यापार करते हैं तो यह कार्य अवैध होगा इसके लिए शासकीय सेवक को जेल भी जाना पड़ सकता है जानिए।



- कानूनी जानकारी लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान मोबाईल 7999293638

**भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 168 की परिभाषा ?**

कोई भी लोक सेवक होते हुए या कानूनी रूप से येसा लोकसेवक होते शासकीय नोकरी के अलावा कोई अन्य व्यापार करता है या कोई अवैध व्यापार करवाता है तब वह शासकीय सेवक उक्त धारा के अंतर्गत अपराधी होगा।

**भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 168 के अंतर्गत दंड का प्रावधान:** यह अपराध असंज्ञेय एवं ज़मानतीय होते है इनकी सुनवाई प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट द्वारा की जाती है, सजा इस अपराध के लिए अधिकतम एक वर्ष की कारावास या जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

## प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का भोपाल पहुंचने पर आत्मीय स्वागत



**भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का अल्पप्रवास पर भोपाल आगमन हुआ। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा और चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग सहित मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री अनिल कुमार और अन्य जन-प्रतिनिधियों तथा सेना एवं पुलिस अधिकारियों ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का आत्मीय स्वागत किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का राजकीय विमानतल पर सुबह 9ः50 बजे एयर फोर्स वन विशेष विमान द्वारा आगमन हुआ। प्रधानमंत्री जी यहां से सेना के हेलीकॉप्टर द्वारा सागर जिले के बीना रवाना हुए। वे वहां 50 हजार करोड़ की लागत के पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स तथा अन्य औद्योगिक क्षेत्रों का भूमि-पूजन करेंगे।

# पेट्रो केमिकल्स कॉम्पलेक्स बदलेगा प्रदेश के चार जिलों सहित निकटवर्ती क्षेत्र की तकदीर और तस्वीर

**मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्रस्तावित यात्रा की समीक्षा की**



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बीना रिफायनरी के पेट्रो केमिकल्स कॉम्पलेक्स से सागर सहित गुना, विदिशा और अशोक नगर के साथ अन्य निकटवर्ती जिलों की तकदीर और तस्वीर बदलेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 14 सितम्बर के मध्यप्रदेश दौरे के लिए जरूरी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाए। कार्यक्रम स्थल पर नागरिकों के लिए सुविधाजनक बैठक व्यवस्था सहित पेयजल और अन्य जरूरी प्रबंध किए जाएं। बीना नगर सहित कार्यक्रम स्थल परिसर में स्वच्छता एवं आवश्यक सौंदर्यीकरण कार्य भी किए जाएं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मुख्यमंत्री निवास (समत्व भवन) में हुई बैठक में 14 सितंबर को सागर जिले के बीना में प्रधानमंत्री श्री मोदी के आगमन के लिए की जा रही तैयारियों का विवरण प्राप्त कर कमिश्नर एवं कलेक्टर सागर को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का सागर जिले के बीना में रिफायनरी के पेट्रो केमिकल्स कॉम्पलेक्स के प्रकल्प के भूमि-पूजन के लिये आना महत्वपूर्ण घटना है। मध्यप्रदेश के लिए यह दिन निवेश की दृष्टि से अहम होगा। बीना में लगभग 2 लाख करोड़ रुपए का निवेश आ रहा है। इनमें सिर्फ बीना रिफायनरी में 50 हजार करोड़ रुपए का निवेश शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी एक स्थान पर इतना बड़ा निवेश पहले नहीं आया है। करीब 3 लाख व्यक्तियों के लिये प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से रोजगार के अवसर सृजित होंगे। बैठक में सहकारिता मंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरविंद सिंह भदौरिया के अलावा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## विजयवर्गीय बोले 2047 तक दुनिया में लहराएगा सनातन का झंडा

**विपक्षी नेताओं को बताया मोदी जी के घुटनों के बराबर**

**खंडवा।** मध्य प्रदेश के पंधाना में जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल होने पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने खंडवा में कांग्रेस और टीएमसी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को तो सर फोड़ो यात्रा निकालना चाहिए तो वहीं प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ़ करते हुए कहा कि विपक्ष का कोई भी नेता मोदी जी के घुटने बराबर भी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया की बंगाल में चुनावों में हिंसा होती है तो वहीं 2047 के बाद दुनिया में सनातन का झंडा लहराने की बात की। बता दें कि विजयवर्गीय ने जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल होने से पहले खंडवा पहुंच संत दादा जी महाराज के मंदिर में दर्शन कर प्रार्थना की। जिसके बाद उन्होंने कांग्रेस सहित टीएमसी और सनातन के खिलाफ बयान देने वालों पर जमकर हमला बोला।



### कांग्रेस निकाले माथा फोड़ो यात्रा

खंडवा में बीजेपी की जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल होने पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। कैलाश विजयवर्गी ने कहा कि कांग्रेस को सिर फोड़ों यात्रा निकालना चाहिए। क्योंकि प्रदेश में कांग्रेस की हालत बहुत खराब है। 15 महीने की सरकार में उन्होंने जो वादे किए थे, वह एक भी वादा पूरा नहीं किया। इस लिए उनको माथा फोड़ों यात्रा निकालना चाहिए और लोगों से माफी मांगना चाहिए की हमने 15 महीने की सरकार में कुछ नहीं किया।

## बुनकर समाज उन्नत हुनर के साथ अपने परंपरागत पेशे को आगे बढ़ाएंः सीएम बघेल

**राज्यस्तरीय बुनकर सम्मेलन में शामिल हुए**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज राजधानी रायपुर स्थित सरदार बलबीर सिंह जुनेजा स्टेडियम में छत्तीसगढ़ बुनकर शिल्पी संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय बुनकर सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने इस दौरान बुनकरों के हित में आगामी शैक्षणिक सत्र 2024-25 में स्कूलों में गणवेश आपूर्ति के लिए छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा संघ को प्रदान करने की घोषणा भी की। सम्मेलन में राज्य भर से बुनकर समाज के महिला-पुरूष सहित समूह के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि बुनकर सामाज बहुत मेहनती और उद्यमी समाज है। यह समाज धागा कातने और कपड़ा बुनने के काम को पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ा रहा है। पुरखों ने हमें जो हुनर सिखाया है, उसे हम भूले नहीं है। आज मशीनी उत्पादों से लोगों का मोह भंग हो रहा है। हाथों से बने, शुद्ध और भरोसे के उत्पादों की तरफ लोग लौट रहे हैं। कृत्रिम की जगह प्राकृतिक चीजों की मांग बढ़ रही है। यह हमारे परंपरागत उद्यमियों के लिए एक अच्छा अवसर है, इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हमने बीते पांच सालों में बुनकर भाइयों के प्रशिक्षण से लेकर उत्पादन में सहयोग और उनके उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराने तक सभी तरह के जरूरी कदम उठाए हैं। हमने छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी जी के सपनों को साकार करने के लिए लगातार काम किया है। इन पांच सालों में हमने बुनकारी के विकास के लिए एक ऐसी मजबूत अधोसंरचना तैयार की है।



**गैस सिलेंडर की बकाया राशि सरकार भरेगी, बहनों के खातों में डाली जायेगी राशि**

## लाड़ली बहनों को घरेलू गैस कनेक्शन गैस सिलेंडर रिफिल रू. 450 में मिलेगा

**भोपाल।** राज्य शासन ने निर्णय लिया है कि प्रधानमंत्री उज्वला योजना के समस्त एलपीजी गैस कनेक्शनधारी उपभोक्ताओं और गैर प्रधानमंत्री उज्वला योजना श्रेणी में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में पंजीकृत ऐसी लाड़ली बहनें जिनके स्वयं के नाम से घरेलू गैस कनेक्शन हैं उन्हें एक सितम्बर 2023 से गैस सिलेंडर रिफिल रू. 450 (रूपये चार सौ पचास) में उपलब्ध कराया जायेगा। गैस सिलेंडर की बकाया राशि राज्य सरकार भरेगी। बकाया राशि पात्र लाड़ली बहनों के खातों में डाली जायेगी। राज्य शासन ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए प्रक्रिया निर्धारित कर दी है। प्रधानमंत्री उज्वला योजनांतर्गत गैस कनेक्शनधारी समस्त उपभोक्ता और गैर प्रधानमंत्री उज्वला योजना श्रेणी में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में पंजीकृत ऐसी लाड़ली बहनें जिनके स्वयं के नाम से घरेलू गैस कनेक्शन हैं इसके लिये पात्र होंगी। गैस सिलैंडर रिफिल के लिए अनुदान राशि पात्र कनेक्शनधारियों को एक सितम्बर, 2023 से देय होगी।



### अनुदान राशि

पात्रताधारी उपभोक्ताओं को प्रतिमाह अधिकतम एक रिफिल पर अनुदान मिलेगा। पात्रताधारी उपभोक्ताओं को ऑयल कंपनी से रिफिल निर्धारित फुटकर विक्रय दर पर क्रय करना होगा। भारत सरकार द्वारा दिये गए समस्त अनुदान तथा राज्य सरकार द्वारा निर्धारित फुटकर विक्रय दर (रू. 450) को कम करने पर शेष राशि राज्य अनुदान के रूप में पात्रताधारी उपभोक्ताओं के आधार लिंक बैंक खाते में अंतरित की जाएगी। घरेलू एलपीजी रिफिल की फुटकर विक्रय दर में परिवर्तन होने पर राज्य अनुदान भी परिवर्तित होगा।

# मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों ने किया हिंदी भाषा दिवस के उपलक्ष में महिला चौपाल का आयोजन




**संवाददाता हल्के वीर**

सिलवानी। नगर - नगर घर ग्राम-ग्राम में, हम हिंदी की अलख जगाएं हिंदी दिवस की शुभकामनाएं आज ग्राम चौका में हिंदी दिवस समारोह और महिला चौपाल कार्यक्रमआयोजित किया गया। जिसमें सभी महिलाओं को हिंदी भाषा का महत्त्व और हिंदी भाषा इतिहास बताया गया। साथ ही महिला चौपाल कार्यक्रम के अंतर्गत मध्यप्रदेश सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और समस्त महिलाओं की समस्याए जानी और उन्हें समस्याओ का उचित निराकरण बताया गया। जिसमे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रही। जन सेवा मित्र , दुर्गेश जाटव , पारस जैन, अमन चौरसिया, दीपक पुरी ब्लॉक सिलवानी, जिला रायसेन।

# शासकीय महाविद्यालय में शिष्टाचार के साथ मनाया गया हिंदी भाषा दिवस।




**संवाददाता हल्के वीर**

**देवरी/ उदयपुरा।** संपूर्ण भारतवर्ष में हिंदी भाषा का अधिक महत्व है हिंदी भाषा भारत के प्रत्येक नागरिक की पहचान है। 14 सितंबर को हिंदी भाषा दिवस मनाया जाता है, इसी तारतम्य में शासकीय महाविद्यालय उदयपुरा में भी हिंदी भाषा दिवस का कार्यक्रम मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हिंदी के प्रचार प्रसार, शिक्षा पद्धति, विविध भाषा भाषी भारतीय, संविधान के अनुच्छेद 343 में दर्ज स्थान आदि विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ श्री पंकज आर्य, श्री सत्येंद्र आठिया, श्री श्याम प्रजापति, श्री श्याम नेमा, श्री भरत सिंह लोधी, श्री प्रतीक लोधी, डॉ पूनम सोनी, डॉ रूबीना परवीन, श्री नरेश कहार एवं समस्त विद्यार्थियों की उपस्थिति सराहनीय रही। मंच संचालन श्री ओपी वर्मा एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ पार्वती व्याग्रे जी ने सभी का आभार व्यक्त किया।डॉ व्याग्रे जी ने नई शिक्षा पद्धति हिंदी भाषा का विषयों के रूप स्थान लेखन, वाचन की शुद्धि, व्याकरण बिंदुओं पर प्रकाश डाला, हिंदी भाषा दिवस की शुभकामनाएं देकर सभी के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की।

# मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र कर रहे हैं महिला चौपाल का आयोजन



**संवाददाता हल्के वीर**

**देवरी।** विगत 16 वर्षों में माननीय मुख्यमंत्री जी श्री शिवराज सिंह चौहान जी के नेतृत्व में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की है एवं प्रदेश में प्रत्येक वर्ग हेतु विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं। प्रदेश में इन्हीं उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाने हेतु मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों के माध्यम से 55000 ग्रामों में जन संवाद कार्यक्रम किया जाना प्रस्तावित है। इस कार्य को मध्य प्रदेश के 313 ब्लॉकों के 9500 जन सेवा मित्र अंजाम दे रहे हैं। इसी के साथ ब्लॉक उदयपुरा से मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र महिला चौपाल के अंतर्गत मध्य प्रदेश शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सामूहिक रूप से जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी के सानिध्य में मध्य प्रदेश बीमारू राज्य से आज विकासशील राज्य की ओर आगे बढ़ चला है, मध्य प्रदेश शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। खास तौर पर ऐसा वर्ग जो वृद्ध है विकलांग है कमजोर है।

**निवेदकः** समस्त मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र ब्लॉक उदयपुरा।

# राहुल गांधी विचार मंच मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष बने मूलचंद मेधोनिया

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के एकमात्र अनुसूचित जाति वर्ग के महान क्रांतिकारी वीर मनीराम अहिरवार जी के उत्तराधिकारी सुपौत मूलचंद मेधोनिया को उनकी कांग्रेस के प्रति लगातार सेवा भावना और निष्ठा को देखते हुए राहुल गांधी विचार मंच मध्यप्रदेश का प्रदेश उपाध्यक्ष पद दिया गया है। गौरतलब हो कि मध्यप्रदेश के पूर्व से ही कांग्रेस पार्टी के अनुसूचित जाति वर्ग के नेता के रुप में ये जाने जाते रहे है। वहीं समाज के उत्थान के लिए संघर्षरत रहते हुए कांग्रेस विचारधारा को जनता के बीच में हर स्तर पर पहुंचा कर कांग्रेस हित में समर्पित है। इनके दादा जी शूरवीर योद्धा और अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के हितों के लिए आजादी के आन्दोलन में महात्मा गांधी जी के आवाहन पर सन् 1942 में जब अंग्रेज सैनिक आयें थे ,वह गोंड राजा श्री शंकर प्रताप सिंह जूदेव के महल को लुटने आयें थे। जब इन्होंने युद्ध कर उन्हें गांव से बाहर निकल आए।ऐसे परिवार के वरिष्ठ नेता व जांबाज को राहुल गांधी विचार मंच मध्यप्रदेश का प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर सामाजिक संगठनों, परिजनों,व वरिष्ठ कांग्रेस नेता सर्व श्री महेश नंदमेहर जी प्रदेश प्रवक्ता मध्यप्रदेश कांग्रेस किसान कमेटी भोपाल, डॉ.विकरम चौधरी, बलवान सिंह कुशवाहा प्रदेश उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कमेटी, हरिसिंह अहिरवार जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति कांग्रेस कमेटी जिला नरसिंहपुर, विजय सुरणकर कांग्रेस कमेटी नेता भोपाल, एवं मथुरा प्रसाद अहिरवार, कौशल प्रसाद अहिरवार, चन्द्रभान खेमरे भूपेन्द्र सिंह कुशवाहा, रतन सोनवने, मुकेश अहिरवार, अमित कुमार अहिरवार इत्यादियों ने श्री मूलचंद मेधोनिया जी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर मूलचंद मेधोनिया पत्रकार एवं समाजसेवी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए। राहुल गांधी विचार मंच मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री जितेन्द्र दुबे जी को आभार व्यक्त किया है। तथा कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का विशेष आभार व्यक्त किया है।




# भारत को विश्व की टॉप-3 अर्थ-व्यवस्थाओं में लाने में मध्यप्रदेश की बड़ी भूमिका होगी : प्रधानमंत्री

**भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत को विश्व की टॉप 3 अर्थ-व्यवस्था में लाना हमारा लक्ष्य है जिसकी ओर हम तेजी से बढ़ रहे हैं। इस लक्ष्य को पूरा करने में मध्यप्रदेश की बड़ी भूमिका होगी। मध्यप्रदेश के लिये हमारे संकल्प बड़े हैं। आने वाले 5 वर्षों में मध्यप्रदेश विकास की बुलंदियों को छुएगा। आज यहां लगभग 51 हजार करोड़ लागत की औद्योगिक परियोजनाओं का भूमि-पूजन किया गया है, इनसे बुन्देलखण्ड और मध्यप्रदेश की तस्वीर और तकदीर बदलेगी। औद्योगिक विकास को नई ऊर्जा मिलेगी। केन्द्र सरकार मध्यप्रदेश में नई परियोजनाओं पर 50 हजार करोड़ रूपये से ज्यादा खर्च करेगी। ये परियोजनाएँ गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के सपनों को सच करेंगी। विकास के इस उत्सव में भागीदार होने के लिये आप सभी को धन्यवाद और शुभकामनाएँ। प्रधानमंत्री श्री मोदी आज बीना रिफाइनरी परिसर में नवीन औद्योगिक परियोजनाओं के शिलान्यास अवसर पर विशाल जन-समुदाय को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 51 हजार करोड़ रूपये की औद्योगिक परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें बीना रिफाइनरी परिसर में 49 हजार करोड़ रूपये की लागत से पेट्रो-केमिकल कॉम्पलेक्स और मध्यप्रदेश के विभिन्न स्थानों पर 1800 करोड़ रूपये की लागत की 10 नई औद्योगिक परियोजनाएँ शामिल हैं।



नर्मदापुरम्में नवकरणीय ऊर्जा जोन, इंदौर में 2 आईटी पार्क, रतलाम में मेगा इंडस्ट्रियल पार्क और 6 शहरों शाजापुर, गुना, मंदसौर, आगर-मालवा, नर्मदापुरम् और मक्सी में नये औद्योगिक केन्द्र विकसित किये जाएंगे। इसके पहले प्रधानमंत्री श्री मोदी, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और सांसद श्री व्ही.डी. शर्मा के साथ खुली जीप में जनता का अभिवादन स्वीकार करते हुए मंच तक पहुँचे। कार्यक्रम स्थल पर उन्होंने पेट्रो-केमिकल कॉम्पलेक्स के निर्माण संबंधी प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पुष्प-गुच्छ और साँची स्तूप की प्रतिकृति भेंट कर प्रधानमंत्री श्री मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि मध्यप्रदेश जो कभी देश के खस्ताहाल राज्यों में शामिल था, आज विकास की नई ऊँचाई छू रहा है। आजादी के बाद लम्बे समय तक यहां भ्रष्टाचार, अन्याय और अत्याचार का बोलबाला रहा है। कोई कानून व्यवस्था थी ही नहीं। उद्योग और व्यापार चौपट थे। केन्द्र और राज्य की डबल इंजन सरकार ने पूरी ईमानदारी से मध्यप्रदेश का भाग्य बदलने का कार्य किया है। पहले सड़क, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएँ भी नहीं थीं। आज हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। हर गाँव तक सड़क, हर घर में बिजली, हर क्षेत्र में पानी पहुँच रहा है। निवेशक यहाँ आना और निवेश करना चाहते हैं। मध्यप्रदेश तेज गति से औद्योगिक विकास कर रहा है। इसके लिये यहाँ की जनता, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और उनकी पूरी टीम बधाई की पात्र है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जी-20 की सफलता से आज पूरे विश्व में भारत का मस्तक ऊँचा हुआ है। गाँव-गाँव के बच्चे की जुबान पर जी-20 का नाम है। जी-20 की सफलता का श्रेय मोदी को नहीं बल्कि देश की 140 करोड़ जनता को जाता है। यह भारत की सामूहिक शक्ति का परिणाम है। विदेशी मेहमानों ने कहा कि उन्होंने ऐसा आयोजन कभी नहीं देखा। हमने उनका स्वागत दिल खोलकर किया।

# रविदासिया समाज की 14 सितम्बर को बैरसिया में होगी महापंचायत की आमसभा

**मूलचंद मेधोनिया पत्रकार भोपाल**



**भोपाल।** मध्यप्रदेश रविदासिया समाज महापंचायत की दिनांक 14 सितम्बर को 11बजे से अम्बेडकर पार्क बैरसिया जिला भोपाल में महापंचायत का विशाल आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पंचायत के। द्वारा बहुत निर्णय लिये जायेंगे। महापंचायत के प्रमुख श्री राधाकिशन दास जी महाराज एवं श्री माधव सिंह अहिरवार ने बताया है कि इस आयोजन में पूर्व समाज सेवियों व गुरु रविदास मंदिर समिति के अध्यक्ष का मान सम्मान किया जायेगा। तथा मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान होगा। वहीं रविदासिया समाज के मध्य प्रदेश के जिला नरसिंहपुर चीचली के महान क्रांतिकारी वीर मनीराम अहिरवार जी जो कि स्वतंत्रता आन्दोलन में महात्मा गांधी जी के आवाहन पर समाज को अंग्रेजों की गुलामी व बेगारी प्रथा के खिलाफ आवाज उठाने वाले वीर मनीराम जी थे। उन्होंने अंग्रेजी सैनिकों को लहूं लुहान कर गोंड राजमहल चीचली के रक्षार्थ शहीद हुए जवानों को गांव से खदेड़ कर सम्पूर्ण मध्यप्रदेश की रविदासिया समाज को गौरवान्वित किया है। जिन्हें आज तक किसी सरकार ने शहीद घोषित किया किया गया है। इनके सुपौत मूलचंद मेधोनिया जो कि अपने दादा जी को राष्ट्रीय शहीद का दर्जा दिलाने हेतु संघर्षरत है। जिन्हें रविदासिया समाज महापंचायत के द्वारा मंच पर सम्मानित किया जाएगा। तथा सम्पूर्ण समाज के द्वारा शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जाकर सामाजिक महापंचायत द्वारा आवाज उठाई जायेंगी की हमारे महापुरुष के आजादी के आन्दोलन को नजरंदाज क्यों किया गया है। सरकार उन्हें राष्ट्रीय शहीद का दर्जा प्रदान कर उनके जन्म स्थान चीचली में विशाल स्मारक व मूर्ति स्थापित भवन चीचली तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर मध्यप्रदेश में बनाया जाये। महापंचायत के स्थानीय आयोजित पंच व वरिष्ठ समाजसेवीयों में सर्व श्री वंशीलाल अहिरवार, कामता प्रसाद अहिरवार, मर्दन सिंह अहिरवार, रामचरण अहिरवार, मुकेश अहिरवार, हरिसिंह अहिरवार, नन्दूलाल अहिरवार, राम कन्हैया सूर्यवंशी, धनसिंह चौधरी, प्रभुलाल अहिरवार, नरेंद्र प्रसाद तिललौर सरपंच, लालसिंह अहिरवार, राजकुमार अहिरवार, इत्यादि सामाजिक आयोजकों कार्यक्रम की रुपरेखा में बताया है कि महापंचायत का गठन में सामाजिक एवं पारिवारिक समस्याओं को आपस में सुलझाने, नशीले पदार्थ व कुरीतियों जैसे विषयों पर चर्चा होगी। तथा सामाजिक सुधार हेतु महापंचायत का गठन प्रत्येक ग्राम व शहरों में किया जायेगा। ताकि आने वाली पीढ़ियों में सामाजिक संस्कार मिले और गुरु रविदास जी की वाणी के अनुरूप समाज को ढाली जाये साथ ही समाज में जन्मे संत गुरुओं महापुरुषों सहित आजादी दिलाने वाले वीर शहीदों के इतिहास को सामाजिक लोगों तक पहुंचा कर समाज में नव ऊर्जा पैदा हो। भोपाल शहर की विधानसभा बैरसिया में प्रथम बार रविदासिया समाज की महापंचायत का भरपूर समर्थन करने के लिए श्री महेश नंदमेहर राष्ट्रीय अध्यक्ष सतगुरु संत रविदास कल्याण फाउंडेशन भारत के द्वारा किया गया है। तथा ऐसी महापंचायतें पूरे प्रदेश भर में करने हेतु मध्यप्रदेश रविदासिया समाज महापंचायत का हमेशा सहयोग करने व समर्थन कर सभी सामाजिक संगठनों, प्रमुखों , समितियों, पंच सरपंच और सभी वरिष्ठ समाजसेवी जनों से अनुरोध किया है कि बैरसिया में होने वाले सामाजिक महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में पधारे और आयोजन को सफल बनायें।




# अनियमितताओं एवं महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को हो रही समस्याओं के कारण महाविद्यालय का किया घेराव



**भोपाल।** दिनांक 14 सितंबर 2023 को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में व्याप्त अनियमितताओं एवं महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को हो रही समस्याओं के कारण महाविद्यालय का घेराव किया गया, पूर्व में भी कई बार एबीवीपी जिला संयोजक अश्वनी पटेल द्वारा प्राचार्य महोदय को ज्ञापन के माध्यम से अनियमितताओं एवं समस्याओं से अवगत कराया गया था, परंतु कोई भी संतोषजनक प्रतिक्रिया नहीं मिली। जिस कारण मजबूर होकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा महाविद्यालय का घेराव, धरना प्रदर्शन एवं नारेबाजी की गई । घटना स्थल पर रायसेन जिले की तहशीलदार महोदया ने आकर छात्र-छात्राओं की समस्याओं को सुना एवं सांत्वना दी । यदि जल्द ही नियमित व्यवस्थाएं नही की जाती है तो आगे सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय प्राचार्य एवं शासन प्रशासन की रहेगी।

## महाविद्यालय में व्याप्त



## अव्यवस्थाएं इस प्रकार है-

1. महाविद्यालय के प्राचार्य सहित पूरा स्टाफ समय पर नहीं आता जिससे समयानुरूप कक्षाएं नहीं लगती हैं।
2. महाविद्यालय का पुस्तकालय नाममात्र के लिए है, जिसे कभी- कभार ही खोला जाता है।
3. महाविद्यालय मे समय से कक्षाएं प्रारंभ नही होती है ।
4. शिक्षकों द्वारा छात्र- छात्राओ से अभद्र व्यवहार किया जाता है।
5. महाविद्यालय मे मशीनों पर प्रेक्टिकल नही कराया जाता है, जिससे छात्र-छात्राएं उचित प्रशिक्षण प्राप्त नही कर पाते है।

धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन देने वालों में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक अश्वनी पटेल,गोलू नाथ योगी, नगर मंत्री दीपक तिवारी,राजा आदिवासी,शुभम कुशवाहा, पंकज चौरसिया अंशुल उपाध्याय अभिषेक चंदेल प्रेम नारायण आयुष साहू समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रदेश में 4 करोड़ से अधिक आभा आईडी बनाए : स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी



**भोपाल।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कन्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा है कि प्रदेश में 4 करोड़ 9 लाख व्यक्तियों के आभा आई.डी. (आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउन्ट- पहचान पत्र) बनाए जा चुके हैं। शेष के आभा आई.डी. बनाने का कार्य जारी है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी गुरुवार को ÷आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन = द डिजिटल हेल्थकेयर रिवाल्यूशन इन मध्यप्रदेश, कॉन्क्लेव के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि आभा आई.डी. बन जाने पर अस्पतालों में ओ.पी.डी. में लगने वाले समय की बचत होगी। व्यक्ति को अस्पताल अथवा चिकित्सक के पास उपचार कराने जाने पर उपचार के पुराने पर्चे ले जाना आवश्यक नहीं होगा। आभा आई.डी. में उसके उपचार का रिकार्ड होगा। चिकित्सक आभा आई.डी. से उसके उपचार की हिस्ट्री को देख कर उपचार कर सकेगा। उन्होंने कहा कि आज का युग डिजिटल युग है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना में एक वर्ष में आयुष्मान योजना मेँ संबद्ध सरकारी और निजी चिकित्सालय में 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार कराने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में प्रदेश मेँ स्वास्थ्य सुविधाओं का व्यापक विस्तार हुआ है। प्रदेश में 850 से अधिक नई स्वास्थ्य संस्थाएँ शुरू की गई है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन पर अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान और मुख्य कार्यपालन अधिकारी आयुष्मान भारत निरामयम मध्यप्रदेश की सीईओ सुश्री अदिति गर्ग ने जानकारी दी। स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, एमडी एनएचएम श्रीमती प्रियंका दास और जिलों से आये स्वास्थ्य अधिकारी और चिकित्सक उपस्थित थे।

# स्वसहायता समूह के नव निर्मित भवन पूजन में पहुंची श्रीमती सुनैना सिंह सैयाम महिलाओं ने किया साल श्री फल से स्वागत



**शहडोल।** शहडोल जिले के जैतपुर विधानसभा क्षेत्र 85 के भाजपा मंडल केशवाही के ग्राम पंचायत गिरवा में स्वसहायता समूह के नव निर्मित भवन का पूजन कार्यक्रम श्रीमती सुनैना सिंह सैयाम के द्वारा कन्या पूजन कर संपन्न कराया गया जिसमें स्वसहायता समूह 32 ग्राम पंचायतों से आए हुए सैकड़ों महिलाओं ने सुनैना सिंह को अति उत्साहित होकर श्रीमती सुनैना सिंह सैयाम का साल श्री फल से स्वागत किया एवं सभी महिलाओं ने सामूहिक ग्रुप बनाकर फोटो खिचिवाऐ साथ में श्रीमती सुनैना सिंह का उद्बोधन भी गम्भीरता पूर्वक सुने । अपने उद्बोधन में श्रीमती सुनैना सिंह ?ने कहा कि समूह के छ्त्रक्क दीदियों के मानदेय को लेकर वो पुनः सी यम हाऊस जाकर माननीय मुख्यमंत्री जी से मुलाकात कर चर्चा करूंगी और आप सभी स्वसहायता समूह के बहनों के लिए ।। मैं सुनैना सिंह सैयाम यह संकल्प लेती हूं कि आपके हर सुख दुख में मैं चौविस घंटे खड़ी रहूं गी ऐसा आप सभी को विश्वास दिलाना चाहती हूं ऐसा कहकर श्रीमती सुनैना सिंह ने सभी महिलाओं को संबोधित किया।। यह सभी बातों को ध्यान पूर्वक सभी महिलाओं ने सुनकर सुनैना सिंह का? जिंदा बाद के नारा लगाया  हमारा नेता कैसा हो सुनैना दीदी जैसा हो । सुनैना दीदी जैसा हो।

# थाना झगड़ाखाड पुलिस ने पकड़ी 40 लाख रुपए नगदी एमसीबी पुलिस की अब तक की सबसे बड़ी चेकिंग कार्यवाही

**बद्री प्रसाद बारी की रिपोर्ट**



हम आपको बता दें कि पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज अंकित गर्ग के द्वारा सरगुजा रेंज में मध्यप्रदेश की ओर छत्तीसगढ़ में अवैध शराब परिवहन, अवैध मादक पदार्थ (गांजा)नशीले इन्जेक्शन एवं अवैध तस्करी पर अंकुश लगाये जाने हेतु समस्त थाना तथा चौकी को अपने -अपने सीमा क्षेत्र व अंतरराज्यीय सीमा पर स्थित चेक पोस्ट लगा कर चेकिंग करने संबंध पर निर्देश दिए गए थे।जिसके परिपेक्ष में पुलिस अधीक्षक एमसीबी सिद्वार्थ तिवारी के द्वारा जिले में स्थित चेक पोस्टों पर नाकाबंदी कर अवैध शराब परिवहन, अवैध मादक पदार्थ एवं संदिग्ध वस्तुओं के खिलाफ चेकिंग के निर्देश दिए जाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एमसीबी निमेश बरैया एवं एसडीओपी राकेश कुर्रे के परिवेक्षण में थाना प्रभारी/निरीक्षक झगराखाड प्रदुम्न तिवारी के नेतृत्व में चौकी प्रभारी खोगापानी स.उ.नि मनीष तिवारी अपने स्टाफ को साथ लेकर अंतरराज्यीय सीमा पर स्थित घुटरीटोला बेरियर थाना झगड़ाखाड पर अनुपपुर मध्यप्रदेश की ओर से आ रही सियाज कार क्रमांक CG-04-NY-0880 को घुटरीटोला चेक पोस्ट बैरियर पर पहुंचने पर दिनांक 7/9/23 को उक्त वाहन चेकिंग दौरान सियाज कार क्रमांक ष्टत्न-04-NY-0880 को चेक करने पर कार के पीछे की सीट पर रखे एक प्लास्टिक बोरी के अंदर कुल रकम लगभग 40 लाख रुपए बरामद होने पर अभिषेक गोयल आ. घनश्याम दास गोयल उम्र करीब 41 वर्ष निवासी -भैयाथान रोड वार्ड नं 6 सुरजपुर थाना- सुरजपुर जिला- सुरजपुर( छ.ग )के कब्जे से जप्त किया गया। वही अग्रिम विधिवत कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी/निरीक्षक झगराखाड प्रदुम्न तिवारी,खोगापानी पुलिस चौकी प्रभारी स.उ.नि मनीष तिवारी,प्र.आर अजय पोया,आर.साधारण सिंह,आर . प्रमोद यादव,एन.सीओ संतोष पटेल, आबकारी सिक्योरिटी प्रायवेट गार्ड दीपक चौहाथा मनोज कुमार मिश्रा, ब्रजनंदन की बड़ी सराहनीय भूमिका रही ।

# 12 सितंबर को जैतपुर विधानसभा क्षेत्र में जन आशीर्वाद यात्रा का पदार्पण , भाटिया में विशाल आम सभा तथा जन आशीर्वाद यात्रा का धर्म जोशी स्वागत

**शहडोल जिले से गंगाधर चौधरी की रिपोर्ट**

शहडोल। केंद्र एवं प्रदेश की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की दृष्टिकोण से जन आशीर्वाद यात्रा शहडोल जिले के जैतपुर विधानसभा क्षेत्र 85 में 12 सितंबर को भव्य स्वागत किया जाएगा। उपताशय की जानकारी देते हुए जैतपुर  विधानसभा क्षेत्र के संयोजक दौलत मनमानी  ने बताया कि जन आशीर्वाद यात्रा रस्मोहिनी भाटिया खामी डॉल गिरवा तथा केसवाही पहुंचेगी जहां बीजेपी पार्टी पदाधिकारी एवं ग्रामीणजनों द्वारा गर्म जोशी स्वागत किया जाएगा तत्पश्चात धार्मिक आस्था का प्रतीक मां भटिया सिंह वाहिनी माता रानी के दरबार प्रांगण में आम सभा का आयोजन किया जाएगा जहां देश के एसएससी प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा  जारी की  गई जनकल्याणकारी नीतियों पर रोशनी डाली जाएगी और आगामी विधानसभा लोकसभा चुनाव में ग्रामीण जनों से जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान आशीर्वाद लिया जाएगा। जन आशीर्वाद यात्रा का गरम- जोशी स्वागत करने जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से भारी संख्या में उपस्थित होने का अनुरोध किया गया।



# कांग्रेस सरकार आते ही संत गुरू रविदास के इस पवित्र धाम पर रविदास स्मारक सहित अन्य विकास कार्य कर उद्धार : कमलनाथ

**भोपाल।** मध्यप्रदेश  संत रविदास जी ने सागर जिले के कर्रापुर में कदम रखे व भक्त जनों को गुरुवाणी दी राजा चंद्रहास को दी गुरु दीक्षा दी कर्रापुर धाम में समाज की आस्था और विश्वास है। संत रविदास आश्रम कर्रापुर धाम की समिति ने आज मुझे वस्तुस्थिति से अवगत कराया और बताया कि यह स्थल सरकार की उपेक्षा का शिकार है। अहिरवार समाज संघ व संत रविदास आश्रम कर्रापुर धाम व अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात के बाद मैं यह विश्वास दिलाता हूं कि कांग्रेस सरकार आने पर संत गुरू रविदास के इस पवित्र धाम पर रविदास स्मारक सहित अन्य विकास कार्य कर उद्धार किया जाएगा। यहां एक विशाल स्मारक का निर्माण किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को सुविधा मिले और कर्रापुर धाम का गौरव देश के कोने-कोने में पहुंचे।



# अनूपपुर पुलिस के द्वारा लाखों की लूट करने वाले तीनों आरोपियों को 24 घण्टे के अन्दर किया गया गिरफ्तार

## राज्य स्तरीय शालेय फुटबाल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

**अनूपपुर।** दिनांक 08.09.2023 को फरियादी बरकत अंसारी पिता मकसूद आलम निवासी ग्राम बसखली के द्वारा थाना कोतमा में इस आशय की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी कि दिनांक 08.09.2023 के 18:30 बजे 03 अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा कोतमा-बिजुरी राज्यमार्ग के मध्य फरियादी के घर में घुसकर भय कारित कर घटना को अंजाम दिया गया। आरोपियों के द्वारा फरियादी के घर से सोने चांदी के आभूषण लूट लिया गया था। उक्त सूचना पर थाना कोतमा में अपराध क्र. 371/23 धारा 458, 392 भादवि में लूट अपराध अज्ञात आरोपियो के विरुद्ध पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए अति0पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन श्री डी.सी.सागर के द्वारा अज्ञात आरोपियों के संबंध में सूचना देने वाले एवं उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित कराने वाले व्यक्तियों को 30,000/-रुपये नगद ईनाम की उद्घोषणा की गयी। जिस पर पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री जितेन्द्र सिंह पवांर के द्वारा अति.पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री शिवकुमार सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा लगातार 24 घण्टें अपने कर्तव्यों का परिश्रम के साथ निर्वहन करते हुए सूत्रों से प्राप्त जानकारी, आरोपियों के हुलिया एवं अनुसंधान की वैज्ञानिक पद्धति का सहारा लेते हुए आरोपियों के आने जाने वाले मार्गो को चिन्हित कर तीन आरोपियों क्रमशः 01. छोटू सिंह पिता अमरजीत सिंह उम्र 20 वर्ष निवासी कठोतिया थाना मनेन्द्रगढ़ छ.ग. हाल निवासी ग्राम भालमुड़ी थाना बिजुरी 02. रोशन गोंड़ पिता रमेश गोड़ उम्र 22 वर्ष निवासी कोरकू मोहल्ला रामनगर एवं 03 गणेष सिंह पिता गजाधर सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड नं. 12 धनपुरी जिला शहडोल को 24 घण्टे के अन्दर हिरासत में लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान आरोपियों के द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया गया। आरोपियों के द्वारा लूट की गयी सम्पत्ति आभूषण आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा रही है। लूट की गयी सम्पत्ति आभूषण आदि को घटना के उपरांत आपस में बांट लिया गया था। तीनों आरोपियों का पुलिस रिमांड लिया जा रहा है एवं आरोपियों का पूर्व आपराधिक रिकार्ड भी ज्ञात किया जा रहा है। आरोपियो के द्वारा पूर्व में भी इस प्रकार की गंभीर घटना व अपराध घटित किए जाने की संभावना है, अनुसंधान जारी है। अनुसंधान में अपराध एवं अपराधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी की जाने वाली टीम को प्रोत्साहन स्वरुप उद्घोषित ईनाम वितरित किया जाएगा। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री जितेन्द्र सिंह पवांर के कुशल मार्गदर्शन, अति0पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री शिवकुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में एसडीओपी कोतमा श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह, एसडीओपी अनूपपुर श्री सुमित केरकेट्टा, थाना प्रभारी कोतमा, थाना प्रभारी बिजुरी, थाना प्रभारी रामनगर, चौकी प्रभारी फुनगा व सायबर सेल की गठित संयुक्त टीम का सराहनीय योगदान रहा।



# सुने मकान से लेपटाप चुराने वाले आरोपी को किया सामान के साथ गिरफ्तार



**भोपाल से देवेन्द्र कुमार जैन की रिपोर्ट**

फरियादी जिसकी उम्र 45 साल तथा जो अयोध्यानगर भोपाल निवासी है रिपोर्ट किया की उनके मकान के उपर वाले खुले कमरे से कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा एचपी कंपनी का लेपटाप चोरी कर लिया जिसकी आसपास काफी तलाश करने के बाद लेपटाप नही मिलने के कारण फरियादी की रिपोर्ट अपराध क्र.401/23 धारा 380 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया था । जाँच के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति नरेला जोड सुलभ काम्पलेक्स के पास काफी सस्ते दामो में लेपटाप बेचने के लिये घुम रहा है सूचना पर टीम रवाना होकर सूचना के आधार पर आरोपी उम्र 20 साल निवासी सी सेक्रटर इन्द्रपुरी पिपलानी भोपाल को हिरासत में लेकर बारीकी से पूछताछ की गई जिसने अपराध करना स्वीकार किया आरोपी पर अपराध क्र.401/23 धारा 380 भादवि में एचपी कंपनी का लेपटाप को बरामद कर जप्त किया गया । को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भोपाल पेश किया गया ।

# राज्य स्तरीय शालेय फुटबाल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

## 5 दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता में 10 संभागों की टीमे ले रही भाग

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता की खास खबर**

शहडोल। फुटबाल क्रांति के तहत राज्य स्तरीय शालेय फुटबाल प्रतियोगिता का अनूपपुर जिले के अमलाई हायर सेकेण्ड्री स्कूल मैदान में आज भव्य शुभारंभ हुआ। शुभारंभ अवसर पर शहडोल, रीवा, सागर, इंदौर, भोपाल, जबलपुर, नर्मदापुरम, ग्वालियर, उज्जैन एवं जनजाति कार्य विभाग की टीमों ने रंगारंग मार्चपास्ट प्रस्तुत किया। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व उपाध्यक्ष विंध्य विकास प्राधिकरण श्री रामदासपुरी एवं संयुक्त संचालक शिक्षा श्री सहदेव मरावी एवं अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर और ध्वजारोहण कर राज्य स्तरीय शालेय फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व उपाध्यक्ष विंध्य विकास प्राधिकरण श्री रामदास पुरी एवं संयुक्त संचालक शिक्षा श्री सहदेव मरावी द्वारा खिलाड़ियों से परिचय भी प्राप्त किया गया। शुभारंभ को सम्बोधित करते हुए



समारोह के मुख्य अतिथि श्री रामदास पुरी ने कहा कि जीवन में खेल का बड़ा महत्व है। खेल से व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप स्वस्थ्य रहता है। खेल दुखों का हास करता है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार खेलों का निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। जिससे प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ी आगे आकर खेलों में अपना जौहार दिखा रहे है। उन्होंने कहा कि अनूपपुर जिले के अमलाई में आज से प्रारंभ राज्य स्तरीय शालेय फुटबाल प्रतियोगिता में 10 संभागों की टीमें अपने खेल का जौहार दिखाएगी। इन खिलाडियों में 36 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए होगा। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी खेल भावना से खेले, उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाए भी दी। समारोह को सम्बोधित करते हुए संयुक्त संचालक शिक्षा श्री सहदेव मरावी ने कहा कि शहडोल संभाग में कमिश्नर शहडोल संभाग श्री राजीव शर्मा की पहल पर फुटबाल क्रांति की शुरूआत हुई थी जो शहडोल संभाग में फलिभूत हुई है। शहडोल संभाग की फुटबाल क्रांति की चर्चा प्रधानमंत्री द्वारा भी की गई है ये हमारे शहडोल संभाग के लिए गौरव की बात है। उन्होने कहा कि शहडोल संभाग से प्रारंभ फुटबाल क्रांति में हम सभी को भागीदार होना चाहिए। युवाओं को फुटबाल खेलने के लिए सतत प्रोत्साहित करना चाहिए। राज्य स्तरीय शालेय फुटबाल प्रतियोगिता में बालक वर्ग में नर्मदापुरम एवं जबलपुर के बीच लीग मैच खेला गया जिसमें जबलपुर को विजय मिली वहीं बालिका वर्ग में ग्वालियर और सागर के बीच लीग मैच खेला गया जिसमें ग्वालियर को विजय मिली। प्रतियोगिता का तीसरा मैच जनजाति कार्य विभाग एवं शहडोल संभाग के टीम के बीच खेला गया जिसमें जनजाति कार्य विभाग की टीम ने शहडोल संभाग की टीम को पराजित किया। इस अवसर पर श्रीमती रश्मि खरे, श्री जीतेन्द्र सोनी, जिला पंचायत सदस्य श्री संजय सराठे, श्री दीपचंद्र द्विवेदी, खेल प्रशिक्षक श्री रईस अहमद खान, श्री संदीप पुरी, श्री रामनारायण सिंह एवं बड़ी संख्या में दर्शन उपस्थित रहें।

## फर्जी कम्पनी बनाकर विज्ञापन के जरिये वाहन किराये पर लेकर रफूचक्कर होने वाली गैंग का खुलासा,करीब एक करोड़ के चार पहिया वाहन पकड़ाये

**भोपाल से देवेन्द्र कुमार जैन की रिपोर्ट**



लोगो को लुभावने प्रलोभन देकर भोपाल के अलावा ग्वालियर, विदिशा, नरसिंहगढ़ , अशोकनगर सहित अन्य जिलो मे धोखाधड़ी करने वाले तीन सदस्यीय गिरोह का भंडाफोड़। घटना इस प्रकार से है थाना मिसरोद मे फरियादी द्वारा दिये गये आवेदन के अनुसार उसने अपनी तीन चार पहिया वाहन एक व्यक्ति को किराये पर दिये थे तथा वह व्यक्ति तीनो वाहनो को वापस नही कर रहा है और ना ही वाहनो का किराया दे रहा है आवेदन पर आरोपी के विरुध्द अपराध क्रमांक 386/23 धारा 420,406 भादवि का कायम कर विवेचना मे लिया गया । विवेचना के दौरान वरिष्ठ अधिकारियो से स्पष्ट निर्देश प्राप्त हुए की प्रकरण मे अविलंब स्पेशल टीम गठित कर आगे की कार्यवाही करे निर्देश के पालन मे तीन अलग ङ्क अलग टीम गठित की गई जिनमे एक टीम द्वारा तकनीकि साक्ष्य एकत्रित करने दूसरी टीम द्वारा शहर से बाहर जाकर वाहन बरामदगी करने एवं तीसरी टीम द्वारा लगातार विवेचना के दौरान आरोपी को गिरफ्तार किया गया उसने बताया कि उसने अपने अन्य दो साथीयों के साथ मिलकर एक आशिमा मॉल मे इनोवेटिव सेल्फ ड्राईव रेंटल कार्स एण्ड ट्रेवल के नाम से कम्पनी बनाकर गैंग तैयार की उनके द्वारा भोले भाले लोगो को झूठे प्रलोभन देकर उनके चार पहिया वाहन किराये के नाम पर लेकर अनुबंध तैयार कर लोगो को अपने भरोसे मे लेकर बाद नकली दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी से किराये के नाम पर लिये वाहनो को अलग ङ्क अलग शहरो मे जाकर वाहनो को बेच देते थे और कुछ वाहनो को गिरवी रख देते थे । आरोपी कि निशादेही पर 10 चार पहिया वाहन जप्त किये है एवं अन्य फरार आरोपियो की तलाश की जा रही है । आरोपियो के विरुध्द प्रकरण मे धारा 467,468,471 भादवि का इजाफा किया गया विवेचना जारी है ।

## राज्यपाल ने सिकल सेल एवं टी.बी. उन्मूलन कार्यक्रमों की समीक्षा की, कहा वाहक और बीमार व्यक्ति को काउंसलिंग कार्ड तत्काल मिले

**देवेन्द्र कुमार जैन की रिपोर्ट**

भोपाल। मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि सिकल सेल जाँच के बाद वाहक अथवा बीमार व्यक्ति को काउंसलिंग कार्ड निश्चित समय में मिलने की व्यवस्था बनाई जाये। उन्होंने कहा कि सिकल सेल जाँच कार्य की गति के लिए संवेदनशील क्षेत्रों और समुदायों को चिन्हित कर जाँच का कार्य कराया जाये। राज्यपाल पटेल ने कहा है कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों की चुनौतियों का पूरी ताकत और संवेदनशीलता के साथ किये जाये। निर्वाचन कार्यों से स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गति रुके नहीं, इसकी अग्रिम कार्य-योजना बनाई जाये। राज्यपाल सिकल सेल एवं टी.बी. उन्मूलन कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक को राजभवन में संबोधित कर रहे थे। बैठक में जनजातीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष , अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण और राज्यपाल के प्रमुख सचिव भी उपस्थित थे। राज्यपाल ने कहा कि जनजाति बहुल क्षेत्रों के बड़े अस्पतालों में सिकल सेल के इलाज के लिए एक अलग विशेष वार्ड बनाया जाना चाहिए। वार्ड में सिकल सेल की जाँच और उपचार की एकीकृत व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जानी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग स्क्रीनिंग, कार्ड वितरण, उपचार आदि कार्यों की चरणबद्ध प्रभावी मॉनिटरिंग करें। राज्यपाल ने गुजरात के 95 प्रतिशत जनजाति बहुल जिले डांग का उदाहरण देते हुए कहा कि वहाँ पर सिकल सेल रोग के कुछ सौ मरीज ही हैं। संभवतः वहाँ जड़ी-बूटी की व्यापक उपलब्धता, उनका वातावरण पर प्रभाव और समुदाय के पारंपरिक जड़ी-बूटी के ज्ञान का प्रभाव हो सकता है। उन्होंने होम्योपैथी के चिकित्सकों द्वारा औषधि की सफलता की जानकारी भी दी और विभाग को इसके लिये शोध और




अनुसंधान के प्रयास करने के लिए कहा। देश भर के अलग-अलग क्षेत्रों में सिकल सेल उपचार प्रयासों की जानकारी भी ली जानी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि वर्ष 2025 तक टी.बी. उन्मूलन का लक्ष्य प्राप्त करना है। टी.बी. उन्मूलन के लिए जागरूकता कार्यक्रम करें। रोगी पोषण प्रयासों में सक्रिय जन-भागीदारी प्राप्त करने के लिए सक्रिय निक्षय मित्रों का सम्मान और उनका उत्साहवर्धन करें। इन कार्यक्रमों में स्थानीय जन-प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और उद्योगपतियों को भी जोड़ा जाए। राज्यपाल ने कहा कि प्रारंभ किये गये सिकल सेल के राष्ट्रीय मिशन को प्रदेश में लांच कर सिकल सेल एनीमिया निवारण के कार्यों को संरक्षण दिया है। प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन का आदर्श प्रस्तुत करें। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संचालक ने सिकल सेल और टी. बी. उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति के आयामों की जानकारी दी। समीक्षा बैठक में आयुक्त स्वास्थ्य, जनजाति प्रकोष्ठ के सदस्य, राज्यपाल के उप सचिव एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



## रेस्टोरेंट,बार बिना लायसेंस के मदिरा परोसने वाले होटलों पर प्रकरण दर्ज देर रात तक चली आबकारी विभाग की बड़ी कार्यवाही

**भोपाल से देवेन्द्र कुमार जैन की रिपोर्ट**



भोपाल। आबकारी विभाग की बड़ी कार्यवाही के अंतर्गत आबकारी कंट्रोलर द्वारा गठित अलग ङ्क अलग टीमों द्वारा देर रात्रि बैरागढ़, खजूरी सड़क, केरवा डेम रोड़, होशंगाबाद रोड़, गुलमोहर कॉलोनी में संचालित विभिन्न होटलों एवं ढाबों पर कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान विंटर रोज गार्डन, यू एंड मी रेस्टोरेंट, वाटर विले रेस्टोरेंट, जहाज रेस्टोरेंट, ट्री चैप्टर रेस्टोरेंट, व्हाइट ऑर्चिड़ रेस्टोरेंट, बैसिल रेस्टोरेंट, खासियत रेस्टोरेंट, कोजी किचन रेस्टोरेंट पर बिना लाइसेंस के अवैध रूप से ग्राहकों को मदिरापान कराते हुए पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही करते हुए म.प्र.आबकारी अधिनियम अंतर्गत 62 प्रकरण दर्ज किये। इसी दौरान गश्ती दल को एम.पी. नगर और डी.बी. मॉल स्थित रेस्टोरेंट बारों में निर्धारित समयावधि रात्रि 12 बजे पश्चात भी बार खोलकर मदिरापान कराने एवं तेज संगीत, ड़ी जे बजाने की शिकायतें मिलने पर आबकारी अमला मौके पर पहुँचा तो सोशलाइट सेवन, एजेंट जैक, पिचर, टेन डाउनिंग स्ट्रीट बारों में बार बंद होने के निर्धारित समय के बाद भी बड़ी संख्या में नवयुवक, युवतियां पार्टी करते हुए मिले। जिसे उपस्थित आबकारी बल द्वारा तत्काल खाली कराया जाकर उपस्थित बार संचालको के विरुद्ध नियमानुसार आबकारी अधिनियम के तहत मौके पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। आबकारी अधिनियम के अंतर्गत इन सभी बार संचालकों को नोटिस जारी किया जा रहा है। सहायक आबकारी आयुक्त द्वारा बताया गया कि आगामी चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए आगामी दिवसों में भी मदिरा का अवैध व्यवसाय व आबकारी नियमों का उल्लंघन करने पर निरंतर ऐसी बड़ी कार्यवाही जारी रहेगी। इसके अलावा आबकारी तथा खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा तीन अन्य प्रतिष्ठानों पर मदिरा तथा खाद्य पदार्थों की जांच की गई आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा गठित जांच दल का उद्देश्य अवैध शराब विक्रय तथा खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट को रोकने हेतु सघन निरीक्षण करना है । विभिन्न प्रतिष्ठानों से लिये गये नमूनों को विश्लेषण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल प्रेषित किया गया है । नमूनों के परिणाम प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अनुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी ।

# बार मेरा है ही नहीं छवि खराब करने के लिए लगाया जा रहा आरोप

रिपोर्टर -उमेश तिवारी



कोरिया ।क्षेत्र के रनई जमींदार व वरिष्ठ कांग्रेसी योगेश शुक्ला ने कहा कि दो दिन पहले बैकुन्ठपुर के आर क्लब जो की सरकारी लाईसेंस प्राप्त बार है उसमे जांच कार्यवाही की गई और आर क्लब के संचालक राकेश श्रीवास्तव पर आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध भी हुआ। बार के ठीक बगल में होटल गंगा श्री संचालित है और वह एक नामी संस्था है मगर कुछ तथा कथित लोगों के द्वारा सोशल मिड़िया व कुछ समाचार पत्रो मे मेरा नाम जोड़ कर भ्रामक खबरें प्रसारित की गई। क्योंकि मै प्रदेश कांग्रेस कमेटी सहित ब्लाक, जिला कांग्रेस संगठन का नेतृत्व कर चुका हूं, शिक्षक की नौकरी छोड़ कर कांग्रेस पार्टी की सेवा विगत कई वर्षो से करते आ रहा हूं और मेरा पूरा खानदान कांग्रेसी है। इस बार कुछ दिन पूर्व ही मेरे द्वारा बैकुन्ठपुर विधान सभा क्षेत्र के चुनाव लड़ने के लिए टिकिट की मांग भी की गई है और प्रमुख दावेदारों में से एक हूं मेरे जनाधार को देखते हुए कुछ लोगों ने मेरा नाम भी इस मामले में घसीटा है जिसके कारण अब मैं कुछ चिन्हांकित लोगों पर न्यायालयिन प्रक्रिया के तहत मानहानी का नोटिस भेजूंगा।

# रूक नहीं रहा अवैध शराब का धंधा करीब 32 हजार रुपये की 72 लीटर देशी शराब जब्त अवैध शराब के साथ तस्कर किया गिरफ्तार

भोपाल। देवेन्द्र कुमार जैन की रिपोर्ट



थाना छोलामंदिर में पदस्थ सउनि को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति लोडिंग ऑटो में भारी मात्रा में अवैध शराब भरकर करौंद मण्डी से ब्लूमून कालोनी की तरफ आते देखे गए है, प्राप्त सूचना पर उचित कार्यवाही हेतु तत्काल टीम गठन कर ब्लूमून ब्रिज के नीचे घेराबन्दी कर एक लोडिंग ऑटो एम पी 04 एल डी 8735 को रोककर चैक किया गया जिसमें एक व्यक्ति जो ऑटो को चला रहा था तथा एक अन्य वव्यक्ति ऑटो में पीछे वैठा था ऑटो की तलाशी लेने पर 8 पेटी देशी मदिरा प्लेन रखी पाई गई जो आटो चालक उम्र 35 साल निवासी मदर इंडिया कालोनी शाहजहांनाबाद भोपाल तथा पीछे वैठा व्यक्ति उम्र 50 साल निवासी पानी की टंकी के पास अटल अयूव नगर थाना गौतमनगर भोपाल के कब्जे से कुल 72 लीटर देशी शराब प्लेन जिसकी कीमत 32000 रूपये थी पुलिस द्वारा लोडिंग ऑटो जप्त कर दोनो आरोपियो को गिरफ्तार कर थाना छोलामंदिर में अपराध क्रमांक 468/23 धारा 34(2) आबकारी अधि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । शराब के परिवहन के संबंध में आरोपीयों से पूछताछ की जा रही है।

# प्रेरणा हिंदी प्रेमी सम्मान पुरुषोत्तम लाल सोनी को मिला




**जबलपुर।** हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने हेतु संकल्पित संस्था प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा हिंदी प्रचार प्रसार में सहयोग प्रदान करने वाले कवि साहित्यकार समाजसेवी पत्रकार शिक्षाविद को सतत सम्मानित कर रही है। प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा के संस्थापक कवि संगम त्रिपाठी ने दिनांक 09.09.2023 को जारी विज्ञप्ति में बताया कि पुरुषोत्तम लाल सोनी मतंग साहित्यकार संपादक सृजधारा लखनऊ उत्तर प्रदेश को हिंदी प्रेमी सम्मान प्रदान किया है। प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा के सलाहकार गुंडाल विजय कुमार ने बताया कि प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा अपने सीमित संसाधनों से हिंदी प्रचार प्रसार व राष्ट्रभाषा अभियान की दिशा में काम कर रही है जिसमें हिंदी प्रेमियों का अमूल्य सहयोग है। प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा के महासचिव प्रदीप मिश्रा अजनबी ने विज्ञप्ति में उल्लेख किया कि प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा हिंदी दिवस के पूर्व दिनांक 13.09.2023 को इंडिया गेट से राजघाट दिल्ली तक पदयात्रा व राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित कर रही है जिसमें देश के आम जन से अपील है कि हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने हेतु अपना सहयोग प्रदान करें। प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा के प्रेरणा स्त्रोत डॉ धर्म प्रकाश वाजपेयी जी ने कहा कि हिंदी प्रचार प्रसार में सहयोग प्रदान करने हेतु प्रेरणा सम्मान प्रदान किया जाता है।

# अजाक्स ब्लाक इकाई मझगवां बैठक संपन्न

कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)



सतना। मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति/जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ जिला इकाई सतना द्वारा आज दिनांक 9/ 9/2023 को मझगवां ब्लाक अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा पुष्कर जी के अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि रूप से माननीय, रामकलेश साकेत अजाक्स जिला अध्यक्ष सतना, विशिष्ट अतिथि श्री जवाहरलाल साकेत जिला कोषाध्यक्ष, श्रीमती गीता कोल महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सतना, श्रीमती विनीता आर्य तहसील अध्यक्ष रघुराज नगर उपस्थित रहे। अजाक्स के विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।इस दौरान प्रमुख रूप से श्री देव मुनि बीसीएम मझगवां, श्री प्रेमचंद वर्मा सुपरवाइजर स्वास्थ्य विभाग श्रीमती चंपा वर्मा आशा कार्यकर्ता,सुंदरिया वर्मा,सुधा वर्मा,जगतदेव कोल वार्ड ब्याय,भइया सिंह लैब टैकनिशियन,श्रीमती मुन्नी,बेबी कोल एएनएम, श्री जगजीत चौधरी सेवा निवृत्त कृषि विस्तार अधिकारी,सोनू साकेत नाजी सचिव इत्यादि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# भीम आर्मी एवम आज़ाद समाज पार्टी रायसेन के तत्वाधान में निकली संविधान बचाओ यात्रा








आज के समय में देखा जा रहा है कि लगातार भारतीय संविधान पर और बहुजन समाज के लोगों पर लगातार प्रहार किया जा रहा है । भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आर्थिक सलाहकार विवेक देवराय द्वारा एक लेख में यह बात कही गई कि भारतीय संविधान को बदल देना चाहिए । जिससे आक्रोशित होकर भीम आर्मी चीफ आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने राजस्थान के जयपुर रैली में संविधान बचाओ यात्रा निकालने का आवाहन किया ।

संविधान को बचाने और आरक्षण को यथावत रखने की मांग को लेकर भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला अध्यक्ष जीतेन्द्र मूलनिवासी आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष अंकित डागोर के नेतृत्व में संविधान बचाव यात्रा रायसेन जिले की सभी तहसीलों तक निकल गई जिसमें लोगों को अपने हक अधिकारों और भारतीय संविधान के प्रति जागृत किया जा रहा है यात्रा की शुरुआत 1 सितंबर को बाड़ी संत शिरोमणि रविदास मंदिर से की गई जो बरेली,उदयपुर,सिलवानी ,सुल्तानगंज, बेगमगंज, गैरतगंज, रायसेन, सांची, सुल्तानपुर, होते हुए बाड़ी में समाप्त हुई भीम आर्मी के सदस्यों ने जगह-जगह महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और जगह यात्रा का भव्य स्वागत हुआ यात्रा में जुड़े सदस्यों ने बताया कि संविधान को बचाने के लिए एवम संविधान में किए गय आरक्षण के प्रावधानों को यथावत रखने की मांग करने के अलावा आरक्षित वर्गों के साथ हो रहे भेदभाव को खत्म करने की मांग के साथ ही लोगों को जागृत करने का काम किया जा रहा है यात्रा में शामिल लोगों का कहना था कि वह चंद्रशेखर आजाद जी के हाथ मजबूत करने के लिए उनके आवाह्न पर संविधान बचाओ यात्रा निकाल रहे हैं भीम आर्मी का उद्देश्य दलित किसने जैसे समाज के हास्य के वर्गो का समर्थन करना है और अधिक व्यापक रूप से संगठन के संस्थापक एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद, मध्य प्रदेश भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील बैरसिया जी आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील असते जी एवम भीम आर्मी आज समाज पार्टी के तमाम कार्यकर्ता रात दिन सड़कों पर संघर्ष करते हैं लोगों के अधिकारों के प्रति लाठियां भी कहते हैं जेल भी जाते हैं इस यात्रा में सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल रहे सभी तहसीलों में मुख्य ग्रामों में नगरों में नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से लोगों को जागृत किया कि वह आगामी विधानसभा चुनाव में ऐसे लोगों का बिल्कुल भी समर्थन न करें जो बहुजन विरोधी हैं और संविधान विरोधी हैं बल्कि उन लोगों का समर्थन करें जो लोग रात दिन उनके हक अधिकारों के लिए संघर्ष करते हैं यात्रा में मुख्य रूप से भीम आर्मी जिला अध्यक्ष जीतन्द्र मूलनिवासी आजाद समाज पार्टी जिला अध्यक्ष अंकित डगर, रोहित कलसिया, अमन गोयल ,बाबू पहलवान, कुंवर साहब चौधरी ,टीकाराम,और सभी तहसीलों के तहसील अध्यक्ष जिला पदाधिकारी मोजूद रहे ।

# भोपाल में आयोजित पत्रकार समागम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की बड़ी घोषणाएं

देवेन्द्र कुमार जैन

भोपालपत्रकारों के हितों और अधिकारों के संरक्षण के लिए तत्पर शिवराज सरकार ने विभिन्न बिंदुओं पर बात की



- बीमा कंपनी द्वारा इस साल प्रीमियम राशि में की गई 27त्न की वृद्धि की अतिरिक्त राशि भरेगी राज्य सरकार।
- 65 वर्ष से अधिक आयु वाले पत्रकारों एवं उनकी पत्नी के बीमा का पूरा प्रीमियम राज्य सरकार भरेगी।
- बीमा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 सितम्बर से बढ़ाकर 25 सितम्बर हुई।
- पत्रकारों और उनके आश्रितों के उपचार हेतु मिलने वाली आर्थिक राशि में हुई वृद्धि ।
- सामान्य बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक सहायता राशि ?20 हजार से बढ़ाकर की गई हजार? 40 हजार
- गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक सहायता राशि ?50 हजार से बढ़ाकर की ?1 लाख।
- प्रदेश के वरिष्ठ एवं बुजुर्ग पत्रकारों को प्रतिमाह दी जाने वाली सम्मान निधि ?10 हजार से बढ़कर हुई ?20 हजार ।
- सम्मान निधि प्राप्त करने वाले पत्रकार के निधन पर उनकी पत्नी को मिलेगी एकमुश्त ?8 लाख की सहायता राशि
- भोपाल के मालवीय नगर में बनेगा पत्रकार भवन, स्टेट मीडिया सेंटर के रूप में किया जायेगा विकसित, पत्रकारों के लिए होंगी आधुनिक सुविधाएं।
- अधिमान्य पत्रकारों को आवास ऋ्रण ब्याज अनुदान योजना में अधिकतम ऋ्रण राशि 25 लाख से बढ़ाकर 30 लाख की जायेगी।
- अधिमान्य पत्रकारों के बच्चों की शिक्षा के लिए बैंक लोन पर 5 त्न ब्याज अनुदान 5 साल के लिए राज्य सरकार भरेगी।
- छोटे शहरों एवं कस्बों के पत्रकारों को आवश्यकतानुसार भोपाल में डिजिटल तकनीकी प्रशिक्षण माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के सहयोग से दिलाया जाएगा। इसकी संपूर्ण व्यवस्था जनसंपर्क विभाग द्वारा की जायेगी।
- जिला स्तरों पर पत्रकारों की सोसायटी के लिए कॉलोनी हेतु जमीन आवंटन की व्यवस्था करने की दिशा में कार्य किया जायेगा।
- पत्रकार सुरक्षा कानून बने इसके लिए तत्काल एक कमेटी का गठन करेंगे जिसमें सीनियर पत्रकार होंगे, यह कमेटी जो सुझाव देगी उसके आधार पर यह कानून बनाया जाएगा।

# एक-दो नहीं... कई फिल्मों के नाम में इस्तेमाल हुआ भारत और इंडिया








**नई दिल्ली।** इंडिया बनाम भारत की बहस के बीच बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार ने अपनी अपकमिंग फिल्म का टाइटल बदल डाला है। रिपोर्ट्स की मानें तो पहले अक्षय की फिल्म के टाइटल में इंडिया शब्द का इस्तेमाल किया गया था, लेकिन हाल में रिलीज किए गए पोस्टर में भारत शब्द देखने को मिल रहा है। अक्षय कुमार की नई फिल्म 'द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू' का नाम बदलकर 'मिशन रानीगंजः द ग्रेट भारत रेस्क्यू' कर दिया गया है। बता दें कि अक्षय की फिल्म कोई पहली नहीं है, जिसमें इंडिया या भारत शब्द का इस्तेमाल किया गया है। इससे पहले भी कई फिल्में बनीं जिनके नाम पर भारत या इंडिया शब्द का इस्तेमाल किया गया है।

**सुनील दत्त-नरगिस की मदर इंडिया :** साल 1957 में रिलीज हुई नरगिस, सुनील दत्त, राजेंद्र कुमार और राजकुमार की फिल्म 'मदर इंडिया' का टाइटल भी इंडिया शब्द पर बेस्ड था। फिल्म की कहानी गांव के जमींदारों द्वारा शोषित एक युवक के डाकू बन जाने पर आधारित थी। नरगिस ने इस फिल्म में सुनील दत्त की मां का रोल निभाया था। इस फिल्म के जहां सभी गाने हिट हुए थे वहीं इस फिल्म के बाद सुनील दत्त व नरगिस ने शादी कर ली थी।


**अनिल कपूर-श्रीदेवी की मिस्टर इंडिया :** अनिल कपूर और श्रीदेवी की फिल्म मिस्टर इंडिया साल 1987 में रिलीज हुई थी। सुपरहीरो जॉनर पर बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तगड़ी कमाई की थी। इस फिल्म में अमरीश पुरी ने विलेन का किरदार निभाया था। अमरीश पुरी का एक डॉयलॉग मुगेम्बो खुश हुआ आज भी लोगों की जुबान पर है।

**शाहरुख खान की चक दे इंडिया :** शाहरुख खान की फिल्म चक दे इंडिया साल 2007 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में शाहरुख ने वुमेन हॉकी टीम के कोच का किरदार निभाया था। इस फिल्म ने लड़कियों का हॉकी के प्रति रूझान बढ़ाने में काफी सहयोग किया। यह फिल्म लगान के बाद ऐसी फिल्म है जिसमें खेल पर पूरी कहानी आधारित है।

**इंडियाज मोस्ट वांटेड सहित अन्य फिल्में :** अर्जुन कपूर, राजेश शर्मा और आसिफ खान की ये फिल्म एक आतंकवादी समूह के संस्थापक पर बेस्ड है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी थी। इसके अलावा भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया, सुई धागाः मेड इन इंडिया, इंडियन, व्हाई चीट इंडिया, वाई.एम.आई. ये मेरा इंडिया, ओह डार्लिंग ये है इंडिया जैसी कई फिल्मों के टाइटल इंडिया शब्द पर बने हैं।

**इन फिल्मों का टाइटल रहा भारत शब्द पर बेस्ड :** भारत- अली अब्बास जफर निर्देशित और सलमान खान, कैटरीना कैफ स्टारर फिल्म साल 2019 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म का टाइटल 'भारत' शब्द पर बेस्ड है।

# श्रिया इतनी संपत्ति की मालकिन



**मुंबई।** श्रिया सरन का नाम उन अभिनेत्रियों में शुमार है, जिन्होंने दक्षिण भारतीय सिनेमा के अलावा बॉलीवुड की कई शानदार फिल्मों में अपने अभिनय का दम दिखाया है। बता दें, श्रिया अब तक 'तुझे मेरी कसम', 'थोड़ा तुम बदलो थोड़ा हम' और 'दृश्यम' जैसी हिंदी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। श्रिया ने 11 सितंबर को अपना 41वां जन्मदिन मनाया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, श्रिया लगभग 75 करोड़ रुपये की संपत्ति की मालकिन हैं। वह एक महीने में 25 लाख रुपये तक की कमाई करती हैं, जबकि उनकी सालाना आय 3 करोड़ रुपये से अधिक बताई जाती है। फिल्मों के अलावा उनकी कमाई मॉडलिंग, विज्ञापन और अवॉर्ड शो से होती है, जिसके लिए वह लगभग 40 लाख रुपये लेती है। श्रिया प्रति फिल्म के लिए निर्माताओं से 3-4 करोड़ रुपये चार्ज करती हैं। श रिया मुंबई में एक आलीशान अपार्टमेंट की भी मालिक हैं, जहां वह अपने पति आंद्रेई कोसचीव और बेटी राधा के साथ रहती हैं। अभिनेत्री के पास कई महंगी गाड़ियां भी हैं, जिसमें मर्सिडीज एस-क्लास 1.40 करोड़, जगुआर एक्स एफ, ऑडी क्यू 7 और बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज शामिल हैं।

## टीवी मसाला

# छोटे पर्दे की 'खुशियों की चाभी' हैं सुरभि चंदना

**मुंबई।** 11 सितंबर 1989 के दिन मुंबई में जन्मी सुरभि चंदना किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने टीवी की दुनिया में अपने अभिनय से इस कदर धमाल मचाया है कि हर कोई उनकी अदाओं का मुरीद हो जाता है। मुंबई में जन्मी सुरभि ने मायानगरी में ही अपने पंख पसारे। स्कूलिंग के बाद उन्होंने अथर्व इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज से पढ़ाई की। इसके बाद उनका रुझान एक्टिंग की दुनिया की तरफ बढ़ने लगा। ऐसे में सुरभि ने छोटे पर्दे के संसार को अपनी दुनिया बनाने की ठान ली। सुरभि चंदना के करियर की बात करें तो उन्होंने अपने करियर की शुरुआत साल 2009 के दौरान तारक मेहता का उल्टा चश्मा से की थी। इस सीरियल में उन्होंने कैमियो किया था। करीब चार साल तक वह टीवी की दुनिया से दूर रहीं। इसके बाद एक ननद की खुशियों की चाभी... मेरी भाभी सीरियल से अपने करियर को पंख लगा दिए। खुशियों की चाभी में दमदार किरदार निभाने के बाद सुरभि चंदना रोमांटिक फैंटसी सीरियल कुबूल है में नजर आईं। हालांकि, सुरभि को शोहरत की बुलंदियों पर टीवी सीरियल इश्कबाज ने पहुंचाया। वहीं, नागिन 5 ने इसमें चार चांद लगा दिए।



## भारती सिंह 15 साल बाद गईं राइफल शूटिंग के लिए

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन भारती सिंह की शोबिज में अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है। उन्होंने नेम फेम पाने के लिए बहुत मेहनत की है। हालांकि, बहुत कम लोग जानते हैं कि कॉमेडी में अपनी किस्मत आजमाने से पहले भारती सिंह नेशनल लेवल राइफल शूटर थीं। अब उन्होंने 15 साल बाद फिर से राइफल शूटिंग प्रैक्टिस शुरू कर दी है। भारती सिंह ने व्लॉग शेयर कर बताया कि वो शूटिंग प्रैक्टिस पर जा रही हैं। वो कहती हैं, '15 साल पहले मैं राइफल शूटिंग प्रैक्टिस करती थी। जब मैं नेशनल के लिए जाती थी, तब सबकी अपनी अपनी राइफल होती थी और हम यूनिवर्सिटी की तरफ से जाते थे। तब मैं अपने आप को बड़ा कोसती थी। मुझे पैसे कमाने थे और अपनी खुद की राइफल खरीदनी थी। भारती जब शूटिंग रेंज में एंट्री करती है को पुराने दिनों का याद कर इमोशनल भी होती हैं।



# शोभिता 'जंगली बिल्ली' बनने देंगी ऑडिशन



**एजेंसी/ मुंबई।** साउथ फिल्मों में कमाल के अभिनय से लोगों का दिल जीतने वाली शोभिता धूलिपाला अब धीरे-धीरे बॉलीवुड में भी अपनी पैर जमा रही हैं। 'मेड इन हेवन 2' में किए गए काम के लिए तारीफ लूटने के बाद शोभिता धूलिपाला का नाम 'डॉन 3' में रोमा के लिए सुर्खियों में है। कियारा आडवाणी के बाद खबरे थीं कि शोभिता धूलिपाला फिल्म में रोमा के किरदार में नजर आएंगी। हाल ही में एक इंटरव्यू में शोभिता ने इस बारे में बात की। एक इंटरव्यू में शोभिता धूलिपाला ने 'डॉन 3' में रणवीर सिंह के साथ काम करने को लेकर अपना उत्साह व्यक्त किया। अभिनेत्री ने कहा कि वह 'डॉन 3' का हिस्सा बनकर बेहद रोमांचित होंगी। शोभिता ने कहा कि 'मेड इन हेवन 2 आने के बाद, ऐसे कई लोग थे जो कहते थे, तारा साहसी है और तारा की ऊर्जा रोमा की तरह है। यह तुलना अच्छी थी। मुझे डॉन फ्रेंचाइजी की फिल्में पसंद हैं। रोमा के रूप में प्रियंका ने शानदार काम किया था। बस यह संभावना कि लोगों ने सोचा कि मैं भी वह कर सकती हूं, यह काफी आश्चर्यजनक था। मुझे डॉन 3 के लिए ऑडिशन देना अच्छा लगेगा।' बता दें, पिछले दिनों फरहान अख्तर ने 'डॉन 3' का एलान किया था। इसके साथ ही उन्होंने यह भी खुलासा किया था कि इस बार शाहरुख खान नहीं, बल्कि रणवीर सिंह डॉन का किरदार निभाएंगे। बता दें, शाहरुख खान ने साल 2006 और 2011 में रिलीज हुई दो 'डॉन' फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाई थी। फरहान द्वारा निर्देशित यह फिल्म 1978 में आई डॉन की रीमेक थी, जिसमें अमिताभ बच्चन मुख्य भूमिका में थे। शोभिता के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री को आखिरी बार नेटफ्लिक्स की चर्चित वेब सीरीज 'मेड इन हेवन 2' में तारा का किरदार निभाते देखा गया था।

# 'आशिकी' और 'धमाल' समेत आएंगे 6 फिल्मों के सीक्वल...

**नई दिल्ली।** टी-सीरीज के मालिक भूषण कुमार इंडस्ट्री के सबसे प्रतिष्ठित फिल्म निर्माताओं में से एक हैं। पिछले कुछ वर्षों में अपने बैनर के तहत उन्होंने कई बेहतरीन फिल्में बनाई हैं। इन दिनों भूषण की डिज्नी+ हॉटस्टार पर आने वाली वेब सीरीज 'काला' चर्चा में है। इस सबसे बीच उन्होंने 'भूल भुलैया', 'आशिकी', 'दे दे प्यार दे' समेत 6 सफल बॉलीवुड फिल्म के सीक्वल पर मुहर लगा दी है। भूषण ने बताया कि सभी सीक्वल पर तेजी से काम हो रहा है।

**इन फिल्मों के आएंगे सीक्वल :** हाल ही में पिंकविला के साथ विशेष बातचीत के दौरान भूषण ने उन फिल्मों के सीक्वल के बारे में बात की, जिन पर टी-सीरीज इन दिनों काम कर रहा है। भूषण ने बताया कि 20 अक्टूबर को उनकी फिल्म 'यारियां' का सीक्वल आने वाला है, जिसमें दिव्या खोसला कुमार शामिल हैं। इसके अलावा वह 'भूल भुलैया 3', 'आशिकी 3', 'धमाल 4', 'मेट्रो इन दिनों', 'दे दे प्यार दे 2', 'रेड 2' सहित कई अन्य फिल्मों पर काम कर रहे हैं।

**कब रिलीज होंगे सीक्वल? :** 'भूल भुलैया 3' में कार्तिक आर्यन नजर आएंगे, जो अगले साल दिवाली के मौके सिनेमाघरों में दस्तक देगी। अनुराग बसु की 'मेट्रो इन दिनों' इसी साल 8 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी।

# सेंसेक्स में लगातार आठवें दिन तेजी

## निफ्टी में मामूली नुकसान, वैश्विक बाजार में मिलाजुला रुख




**मुंबई।** बीएसई सेंसेक्स में तेजी का सिलसिला मंगलवार को लगातार आठवें कारोबारी सत्र में भी जारी रहा और यह 94 अंक और चढ़ गया। हालांकि, वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच एनएसई निफ्टी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद मामूली नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 94.05 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की तेजी के साथ 67,221.13 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 412.02 अंक तक उछल गया था। निफ्टी उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शुरुआती लाभ को गंवाते हुए मामूली 3.15 अंक नुकसान के साथ 19,993.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, लार्सन एंड टुब्रो, इन्फोसिस, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक, नेस्ले, आईटीसी और सन फार्मा प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, शेयर बाजार में निराशा का स्तर बढ़ा है। इससे एहतियात के तौर पर मुनाफावसूली देखने को मिल रही है। इसका कारण यह धारणा है कि शेयरों का मूल्यांकन काफी बढ़ गया है। 'करेक्शन' मझोली कंपनियों के शेयरों में देखने को मिल रहा है जबकि बड़ी कंपनियों में मजबूती देखी जा रही है।

### एशियाई बाजार नुकसान में रहे

एशियाई बाजारों में जापान का निक्की लाभ में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। अमेरिकी बाजार में सोमवार को तेजी रही।

# कोल इंडिया 24,750 करोड़ रुपए का करेगी निवेश

- दुनिया के सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी है
- 61 संपर्क परियोजनाओं पर किया जाएगा निवेश



नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने पर्यावरण-अनुकूल कोयला परिवहन को बढ़ावा देने के लिए अगले कुछ साल में 61 संपर्क परियोजनाओं (एफएमसी) पर 24,750 करोड़ रुपये पूंजी निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। दुनिया की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया ने बयान में कहा कि खदानों से निकलने वाले कोयले को नजदीकी परिवहन केंद्र तक पहुंचाने से संबंधित ये परियोजनाएं तीन चरणों में स्थापित की जाएंगी। एफएमसी परियोजनाएं पूरी होने पर इनकी कुल वहन क्षमता 76.35 करोड़ टन की होगी। कोल इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कोयला परिवहन का पर्यावरण अनुकूल होना जरूरी है ताकि कोयला खदानों के आसपास रहने वाले लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाया जा सके। अधिकार ने कहा, 'ये परियोजनाएं कोयले की धूल से होने वाले प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के साथ सड़क परिवहन पर बोझ को भी कम करती हैं। इससे सटीक मात्रा में और गुणवत्ता वाले कोयले का लदान हो पाता है।' पहले चरण में 35 एफएमसी परियोजनाओं पर 10,750 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश किया जाएगा जिनकी वहन क्षमता 41.45 करोड़ टन होगी।

### पहले चरण की 10 परियाजनाएं 2025 तक

*बयान के मुताबिक, कोल इंडिया 17.8 करोड़ टन क्षमता वाली 17 अन्य परियोजनाओं को भी चालू करने की तैयारी में है। पहले चरण की बाकी 10 परियोजनाओं के वित्त वर्ष 2024-25 तक शुरू होने की संभावना है।*

## सोना स्थिर, चांदी के भाव में भी बदलाव नहीं




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोना 60,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। चांदी की कीमत भी 74,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित बनी रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'मंगलवार को सोने का कारोबार सपाट रहा, दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 60,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहीं।'

## रेजरपे ने स्टार्टअप बिलमी का किया अधिग्रहण




**नई दिल्ली।** फिनटेक मंच रेजरपे ने मुंबई स्थित डिजिटल बिल तथा ग्राहक सहभागिता स्टार्टअप बिलमी का अधिग्रहण कर लिया है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, साझेदारी का मकसद उपभोक्ताओं के साथ बेहतर संपर्क के लिए 'हाइब्रिड मॉडल' के साथ व्यवसायों को सशक्त बनाना है। कंपनी ने समझौता कितना मूल्य का हुआ, इसका खुलासा नहीं किया।

## एनटीसी समूह ने इंडोनेशिया के बाजार में किया प्रवेश

**चेन्नई।** लॉजिस्टिक्स एवं आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन से जुड़े एनटीसी समूह ने विदेशों में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करते हुए इंडोनेशिया के बाजार में प्रवेश किया है। एनटीसी समूह ने सिंगापुर, मलेशिया, हांगकांग, बेल्जियम, सऊदी अरब में एक एकीकृत लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदाता के रूप में उपस्थिति के अलावा जकार्ता में परिचालन शुरू किया है।

# औद्योगिक उत्पादन 5 महीने के उच्च स्तर पर जुलाई में 5.7 फीसदी रही आईआईपी ग्रोथ

**एजेंसी / नई दिल्ली।** विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन से देश के औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) में जुलाई महीने में 5.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह पांच महीने का उच्चस्तर है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाला औद्योगिकी उत्पादन पिछले साल जुलाई महीने में 2.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। इससे पहले, फरवरी, 2023 में औद्योगिक उत्पादन सर्वाधिक छह प्रतिशत की दर से बढ़ा था। उसके बाद मार्च में वृद्धि दर कम होकर 1.9 प्रतिशत रही।

### पहले 4 माह का आईआईपी जारी

अप्रैल में यह सुधरकर 4.6 प्रतिशत, जबकि मई में और बढ़कर 5.3 प्रतिशत रही थी। यह जून में फिर घटा और वृद्धि दर 3.8 रही। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 के पहले चार महीनों.. अप्रैल-जुलाई में आईआईपी वृद्धि 4.8 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 10 प्रतिशत थी।



### बुनियादी ढांचा उत्पादन में वृद्धि

गैर-टिकाऊ उपभोक्ता सामान के उत्पादन के मामले में वृद्धि दर आलोच्य महीने में बढ़कर 7.4 प्रतिशत रही। एक साल पहले इसी महीने में इसमें 2.9 प्रतिशत की गिरावट आई थी। बुनियादी ढांचा/निर्माण वस्तुओं के उत्पादन में इस साल जुलाई महीने में 11.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि बीते वर्ष इसी माह में इसमें 4.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

### विनिर्माण क्षेत्र में 4.6 फीसदी की तेजी

आधिकारिक बयान के अनुसार, 'मार्च, 2020 के बाद कोविड-19 महामारी के कारण परिस्थितियां आसामान्य थीं। इसको ध्यान में रखते हुए पिछले साल की तुलना में औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि का विश्लेषण करना चाहिए।' आईआईपी आंकड़ों के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में इस साल जुलाई में 4.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो एक साल पहले इसी माह में 3.1 प्रतिशत थी।


### बिजली के उत्पादन में आठ फीसदी बढ़ोतरी

बिजली उत्पादन में आलोच्य महीने में आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि एक साल पहले इसी माह में इसमें 2.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। खनन उत्पादन जुलाई महीने 10.7 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एक साल पहले इसी माह में इस क्षेत्र का उत्पादन 3.3 प्रतिशत बढ़ा था।

# देश में बैटरियों का विनिर्माण होगा शुरू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय ने मंगलवार को कहा कि देश में उन्नत रसायन बैटरी का उत्पादन अगले साल जनवरी तक शुरू होने की संभावना है। सरकार ने मई, 2021 में उन्नत रसायन बैटरियों (एसीसी) का घरेलू स्तर पर विनिर्माण करने के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की मंजूरी देते हुए इसके लिए 18,100 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया था। उन्नत रसायन बैटरी नई पीढ़ी की उन्नत ऊर्जा भंडारण प्रौद्योगिकी है जो इलेक्ट्रिक ऊर्जा का इलेक्ट्रो-रसायन या रासायनिक ऊर्जा के तौर पर भंडार कर सकती है। उन्नत बैटरी जरूरत पड़ने पर इस ऊर्जा को दोबारा इलेक्ट्रिक ऊर्जा में भी बदलने की क्षमता रखती है।



### आयात से पूरी की जा रही जरूरत

पांडेय ने यहां वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के 63वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस साल दिसंबर या अगले साल जनवरी तक देश में एसीसी बैटरियों का उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। देश में फिलहाल एसीसी बैटरियों की जरूरत को आयात के जरिये पूरा किया जाता है। मंत्री ने कहा कि सरकार पीएलआई के अलावा फेम योजना के जरिये वाहन उद्योग की मदद करती रही है। फेम योजना के तहत हाइब्रिड एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि वाहन उद्योग के लिए लाई गई 25,938 करोड़ रुपये की पीएलआई योजना को उद्योग जगत से अच्छा समर्थन मिला है।

## इंडोरामा तीन पीईटी संयंत्र करेगी स्थापित



**सिंगापुर।** इंडोरामा वेंचर्स पब्लिक को. लिमिटेड भारत में तीन पीईटी पुनर्चक्रण संयंत्रों की स्थापना के लिए 15 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी। इंडोरामा वेंचर्स समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आलोक लोहिया ने मंगलवार को 21वें फोर्ब्स ग्लोबल सीईओ कॉन्फ्रेंस के मौके पर निवेश योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'हमने बुनियादी विनियामक अनुमोदन हासिल कर लिया है। हल्दिया, नागपुर और पानीपत में हमारे तीन मौजूदा पीईटी-उत्पादक संयंत्रों के करीब भूमि अधिग्रहण का काम चल रहा है।' पीईटी टिकाऊ है और इसका कई बार पुनर्चक्रण किया जा सकता है।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)